# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

16 अप्रैल 2026

गुरुवार




09 मई को बक्सर में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, 3000 मामलों के निपटारे का लक्ष्य

2



## एक नजर

### पंजाब सरकार ने छीनी राघव चड्ढा की जेड + सिक्योरिटी, अब गृह मंत्रालय देगी जेड सिक्योरिटी

**नई दिल्ली।** पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की सुरक्षा को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है. गृह मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से खबर है कि गृह मंत्रालय ने राघव चड्ढा को जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की है. उन्हें दिल्ली और पंजाब दोनों जगह यह सुरक्षा कवर मिलेगा.सूत्रों के मुताबिक, राघव चड्ढा की सुरक्षा अब अर्धसैनिक बलों द्वारा की जाएगी. यह फैसला इंटेलिजेंस ब्यूरो की थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है. गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा वापस ले ली थी, जिसके बाद केंद्र सरकार ने उन्हें सुरक्षा कवर देने का निर्णय लिया. जेड श्रेणी की सुरक्षा में कुल 33 सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं. इसमें श्क्ख को सशस्त्र बलों की सुरक्षा दी जाती है. उनके आवास पर 10 आर्म्ड स्टैटिक गार्ड तैनात रहते हैं. इसके अलावा 6 पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर 24 घंटे सुरक्षा में रहते हैं. साथ ही 12 कमांडो तीन शिफ्ट में आर्म्ड एस्कॉर्ट के तौर पर तैनात रहते हैं, 2 वॉचर्स शिफ्ट के हिसाब से और 3 प्रशिक्षित ड्राइवर भी 24 घंटे मौजूद रहते हैं।

### बेंगलुरु की इस आईपीएल सीजन में चौथी जीत

**नई दिल्ली।** डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने क्खछ सीजन में चौथी जीत हासिल की है। टीम ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराया।बेंगलुरु ने अपने होमग्राउंड में 147 रन का टारगेट 15.1 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। लखनऊ 20 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई।इस मैच एक भी फिफ्टी नहीं लगाई। सबसे ज्यादा रन विराट कोहली (49 रन) ने बनाए। वे एक रन से फिफ्टी चूक गए। रजत पाटीदार ने 27 और जितेश शर्मा ने 23 रन बनाए। इससे पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी कर रही बेंगलुरु की ओर से रसिख सलाम ने 4 विकेट झटके। भुवनेश्वर कुमार ने 3 और क्रुणाल पंड्या ने 2 विकेट लिए। एलएसजी से मिचेल मार्श ने 40 रन बनाए।

# पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका, अग्रिम जमानत पर लगाई रोक, नोटिस भी किया जारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को एक सप्ताह के लिए ट्रांसिट अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली असम सरकार की याचिका पर पवन खेड़ा व अन्य प्रतिवादियों को नोटिस भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाई कोर्ट के आदेश पर रोक का मतलब है कि पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत के रूप में गिरफ्तारी से मिला संरक्षण समाप्त हो गया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पवन खेड़ा क्षेत्राधिकार वाली असम की अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल कर सकते हैं और अगर वह अर्जी दाखिल करते हैं तो शीर्ष अदालत के ट्रांसिट जमानत पर रोक के आदेश का उस पर कोई प्रतिकूल असर नहीं होगा। ये आदेश न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी और अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने पवन खेड़ा को एक सप्ताह की ट्रांसिट अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली असम सरकार की याचिका पर सुनवाई के बाद दिये।कोर्ट ने याचिका पर पवन खेड़ा व अन्य को नोटिस जारी कर 13 मई तक जवाब मांगा है। 13 मई को फिर सुनवाई होगी। ये मामला पवन खेड़ा द्वारा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी पर आरोप लगाए जाने से संबंधित है। खेड़ा ने सरमा की पत्नी पर कई देशों के पासपोर्ट रखने और विदेश में संपत्ति होने के आरोप लगाए थे। जिस पर मुख्यमंत्री की पत्नी ने पवन खेड़ा के खिलाफ गुवाहाटी में एफआईआर दर्ज कराई है।

### हाई कोर्ट ने दी थी एक सप्ताह की अग्रिम जमानत

पिछले सप्ताह तेलंगाना हाई कोर्ट ने पवन खेड़ा को एक सप्ताह के लिए ट्रांसिट अग्रिम जमानत दे दी थी। बुधवार को असम सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाई कोर्ट के आदेश का विरोध करते हुए कहा कि तेलंगाना हाई कोर्ट को मामले की सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अपराध गुवाहाटी असम में हुआ है, एफआईआर गुवाहाटी में दर्ज हुई है तो फिर तेलंगाना हाई कोर्ट मामले को कैसे सुन सकता है।

# नीयत में खोट है, यह सिर्फ चुनावी पैंतरा : मल्लिकार्जुन खरगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है। मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद कहा, 'हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है। हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए। सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है। कार्यपालिका के जरिए संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है जो संसद और संस्थाओं के पास होनी चाहिए; इन्होंने पहले भी असम और जम्मू-कश्मीर के परिसीमन में हमें धोखा दिया है।

## पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के पुत्र सम्राट चौधरी को बिहार का 24वां मुख्यमंत्री चुना गया

# बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने सम्राट

# जदयू से विजय चौधरी-बिजेंद्र यादव ने भी ली शपथ



■ **पहले चर्चा थी कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार डिप्टी सीएम बनेंगे। लेकिन, वह नहीं माने**

**एजेंसी। पटना**

बिहार में भारतीय जनता पार्टी पहली बार अपना मुख्यमंत्री दे चुकी। राष्ट्रीय जनता दल से होकर जनता दल यूनाइटेड के रास्ते 2017 में भाजपा में आए पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के पुत्र सम्राट चौधरी को बिहार का 24वां मुख्यमंत्री चुना गया है। पहले भाजपा फिर एनडीए की विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट के नाम पर मुहर लगी। पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने उन्हें मखाना की माला पहनाकर अपनी विरासत सौंपी। लोकभवन में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। उनके साथ विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव को भी शपथ दिलाई गई। दोनों जदयू कोटे से डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, शिवराज सिंह, पूर्व सीएम नीतीश कुमार, बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता, एनडीए से सभी वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

### जदयू कोटे से दो डिप्टी सीएम

2020 में जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी तो भाजपा ने दो डिप्टी सीएम दिए। इसमें रेणु देवी और तारकिशोर प्रसाद को मौका मिला। इसके बाद दो बार फिर एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण हुआ। इन दोनों बार डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को बनाया गया। अब चूंकि भाजपा बड़े भाई की भूमिका है, तो जदयू से दो डिप्टी सीएम होंगे। पहले चर्चा थी कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार डिप्टी सीएम बनेंगे। लेकिन, वह नहीं माने। इसलिए जदयू ने भूमिहार जाति से आने वाले विजय चौधरी और यादव जाति से आने वाले बिजेंद्र यादव को डिप्टी सीएम बनाने का फैसला लिया। दोनों नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद नेताओं में गिने जाते हैं। बिहार में भाजपा विधायक दल का नेता सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी ने कहा कि मेरे जीवन में भाजपा ने मुझे सेवा के कई अवसर दिए हैं। मैं करीब 30 वर्षों से एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहा हूं, लेकिन पहले मेरे साथ कोई विचारधारा नहीं थी। मैं 2015 से भाजपा के लिए काम कर रहा हूं। तब से पार्टी ने जब जो दायित्व दिया, उसे मैंने जिम्मेदारी के साथ निभाया। मुझे पार्टी ने कई पदों पर काम करने का मौका दिया। पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया। जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी तो मुझे उपमुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य मिला। 2025 में जब दोबारा ठऊअ की सरकार बनी तो मुझे गृह विभाग के मंत्री और उपमुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का अवसर मिला। आज मुझे फिर से एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, इसे मैं निभाने की पूरी कोशिश करूंगा। मैं प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन महासचिव बी.एल. संतोष, शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी को आश्वस्त करता हूं कि भाजपा की विचारधारा देश को सर्वोपरि मानने और उसे सर्वश्रेष्ठ बनाने के संकल्प को हम आगे बढ़ाते रहेंगे और पार्टी को प्राथमिकता देंगे।

# भवानीपुर में सुवेंदु अधिकारी के रोड शो में हुई चूक के लिए चुनाव आयोग ने चार पुलिस अधिकारियों को किया निलंबित

**एजेंसी। कोलकाता**

भारत निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार (4 अप्रैल, 2026) को पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के भाबानीपुर में गुरुवार (2 अप्रैल, 2026) को आयोजित रोड शो और नामांकन दाखिल करने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने के लिए पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश जारी किया। आयोग ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और निर्देश देता है कि उपर्युक्त पुलिस अधिकारियों को निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाए। आयोग के निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए और इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 5 अप्रैल 2026 को सुबह 11:00 बजे तक भेजी जाए,ह्व दिल्ली चुनाव आयोग के एक आधिकारिक पत्र में शनिवार को कहा गया। यह घटना पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल के उस पत्र के बाद सामने आई है, जिसमें उन्होंने अपने कर्तव्यों में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। सिद्धार्थ दत्ता, डीसी-द्वितीय, साउथ डिवीजन, कोलकाता पुलिस के खिलाफ निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है; प्रियंकर चक्रवर्ती, ओसी, अलीपुर; चंडी चरण बनर्जी, अतिरिक्त ओसी, अलीपुर और, सौरभ चटर्जी, सार्जेंट, अलीपुर। यह पत्र पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को भेजा गया था, जिन्हें निलंबित अधिकारियों के पद छोड़ने के बाद रिक्त हुए चार पदों को भरने का भी निर्देश दिया गया था। इसी से संबंधित एक घटनाक्रम में, कोलकाता पुलिस मुख्यालय ने भी अराजकता के संबंध में दो पुलिस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजा है।

# 2029 से लागू होगा महिला आरक्षण,लोकसभा की सीटें 850 होंगी

**एजेंसी। पटना**

सरकार ने 2029 के लोकसभा चुनावों से महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, 815 सीटें राज्यों के लिए और बाकी 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रस्तावित हैं। 850 में से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में 2029 से लोकसभा में 33% महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है। सरकार ने मंगलवार को संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं। पीएम मोदी 17 अप्रैल को बहस का



जवाब दे सकते हैं। इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर कहा कि दक्षिणी राज्यों को सीटें बढ़ाना मंजूर नहीं।







# 09 मई को बक्सर में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, 3000 मामलों के निपटारे का लक्ष्य

- **तैयारियों की समीक्षा बैठक में न्यायिक पदाधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश, सुलह-समझौते पर जोर**




**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निदेर्शानुसार आगामी 09 मई 2026 को बक्सर के विधिक सेवा सदन एवं व्यवहार न्यायालय परिसर में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन वर्चुअल और फिजिकल दोनों माध्यमों से संपन्न होगा। इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर काजल झाम्ब की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवर न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर नेहा दयाल सहित व्यवहार न्यायालय में कार्यरत सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान बैंक ऋण, बिजली विभाग, माप-तौल तथा आपराधिक मामलों से जुड़े लंबित वादों के निपटारे पर विशेष जोर दिया गया।

नेहा दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार लगभग 3000 मामलों के निपटारे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी न्यायिक पदाधिकारियों से अपील की कि वे लंबित मामलों के पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से समाधान के लिए प्रेरित करें, ताकि समय और धन दोनों की बचत हो सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए न्यायालय द्वारा चिन्हित सुलहनिय वादों की सूची तैयार कर ली गई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि संबंधित मामलों के पक्षकारों को न्यायालय में उपस्थित होकर आपसी सहमति से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे अधिकाधिक मामलों का निष्पादन संभव हो सके।

नेहा दयाल ने लोक अदालत की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यहां बिना किसी अदालती शुल्क और बिना वकील के भी मामलों का निपटारा किया जा सकता है। लोक अदालत के निर्णय को विधिक मान्यता प्राप्त होती है और यह अंतिम होता है।

उन्होंने विशेष रूप से बैंकों में लंबित सर्टिफिकेट केस एवं बिजली विभाग से जुड़े मामलों के पक्षकारों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने पुराने विवादों का स्थायी समाधान कराएं।

बैठक में व्यवहार न्यायालय, बक्सर के सभी न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## नाला की सफाई नहीं होने से लाला टोली रोड के घरों में पानी प्रवेश करने से परेशानी बढ़ी

**डुमरांव ।** एक साल पहले नगर के वार्ड 24 के लाला टोली रोड में बने नाली और उसके उपर सुरक्षा के लिये लगाए गए लोहे के ढक्कन टूटकर पूरी तरह से बिखर गए हैं। इसके टूटने से जहां पानी का बहाव अवरूद्ध होकर घरों में प्रवेश करने लगा है, वहीं टूटे ढक्कन की चोरी होने लगी है। नगर परिषद इससे अंजान बना हुआ है, इतना ही नहीं इसकी शिकायत करने पर भी नप की तरफ से कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इस रोड से होकर ही सेंट्रल नाला गुजरता है, जिससे उसको जोड़ा तक नहीं गया है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि नाला के टूटने से सेंट्रलन नाला का पानी भी इसी में बहकर चला आता है। मालूम हो कि हो कि कभी लाला टोली रोड साफ-सुथरा मोहल्ले के रूप में गिना जाता था। इसका मुख्य कारण है कि इसी मोहल्ले में बिहार राज्य के पूर्व डीजीपी आर आर प्रसाद का भी घर इसी रोड में पड़ता है। इस समय रोड की वर्तमान स्थिति यह है कि नाले के पानी का बहाव अवरूद्ध होने और नाला के टूटकर बिखर जाने के कारण डीजीपी के घर में ही नाला का पानी बहकर जा रहा है। इनके घर की तरफ से बह रहे नाला पर जो लोहे का ढक्कन लगाया गया है, उसे धीरे-धीरे गायब किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस सुरक्षा के लिये लोहे का का ढक्कन लगाया गया है, उसका कोई महत्व ही नहीं रह गया है।

# गांव में कानून को ठेंगा : 16 नामज, पुरानी रंजिश की भी आशंका, पुलिस ने शुरू की गिरफ्तारी की कार्रवाई



**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरुदास मठिया गांव से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने इंसानियत और कानून दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। चोरी के शक में एक युवक को भीड़ ने न सिर्फ बंधक बनाया, बल्कि उसे पेड़ से उल्टा लटकाकर बेरहमी से पीटा। इस अमानवीय कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार की अहले सुबह गांव के कुछ लोगों ने गुरुदास मठिया निवासी रवि कुमार को चोरी के संदेह में पकड़ लिया। आरोप है कि बिना किसी ठोस सबूत के, ग्रामीणों ने खुद ही ह्यसजाह्न तय कर दी। युवक को रस्सी से बांधकर पेड़ की डाली से उल्टा लटका दिया गया और फिर डंडों व लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई की गई। मौके पर मौजूद लोगों में से किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद घटना ने तूल पकड़ लिया। स्थानीय लोगों में जहां आक्रोश है, वहीं यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर कब तक भीड़ इस तरह कानून को अपने हाथ में लेती रहेगी। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर युवक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित के पिता बसावन ने इस मामले में गांव के 16 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाया है कि यह घटना सिर्फ चोरी के शक तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे पुरानी दुश्मनी भी हो सकती है। उनका कहना है कि उनके बेटे को साजिश के तहत फंसाया गया और उसके साथ बर्बरता की गई। इस घटना ने ग्रामीण समाज में बढ़ती भीड़तंत्र की प्रवृत्ति को उजागर कर दिया है, जहां लोग कानून पर भरोसा करने के बजाय खुद ही न्याय करने निकल पड़ते हैं। यह न सिर्फ कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि समाज के लिए भी एक खतरनाक संकेत है।मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए अपर थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल, गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है। यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि अगर समय रहते ऐसे मामलों पर सख्ती नहीं बरती गई, तो भीड़तंत्र कानून के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है।

## तेज कार्रवाई से पुलिस ने बढ़ाया भरोसा, डुमरांव अनुमंडल में घंटों के भीतर दो गुमशुदा बरामद



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों से लापता दो व्यक्तियों को कुछ ही घंटों के भीतर सकुशल बरामद कर एक बार फिर अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। पुलिस की इस तत्परता से न केवल परिजनों को राहत मिली है, बल्कि आमजन के बीच सुरक्षा को लेकर विश्वास भी मजबूत हुआ है।

पहला मामला चक्की थाना क्षेत्र के जेपी डेरा का है। यहां रंजन कुमार ठाकुर (पिता- राधेश्याम ठाकुर) के अचानक लापता हो जाने से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों के अनुसार युवक मंगलवार की रात करीब 12 बजे के बाद से घर से गायब था। बुधवार सुबह सूचना मिलते ही चक्की थाना पुलिस हरकत में आई। थानाध्यक्ष मोहम्मद सेराज खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय स्तर पर गहन छानबीन शुरू की। पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप से बरामद कर लिया। सुरक्षित वापसी पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

दूसरी घटना ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के योगियां गांव की है। यहां रामाशंकर यादव ने अपने 13 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार के लापता होने की सूचना दी। बताया गया कि आदर्श दोपहर करीब 12 बजे खेलने के लिए घर से निकला था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। मामले की गंभीरता को देखते हुए ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने तुरंत खोजबीन शुरू कर दी। तकनीकी सहायता और सक्रिय प्रयासों के जरिए पुलिस ने बच्चे को जगदीशपुर से सकुशल बरामद कर लिया।

इस संबंध में एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि दोनों मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और ऐसे मामलों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

# ब्रह्मपुर में रसीद के नाम पर वसूली, बालू ट्रकों से प्रति गाड़ी 200 रुपये की मांग पर भड़के चालक

- **वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ा विवाद, समाजसेवी ने दी प्रशासन को अल्टीमेटम—जल्द कार्रवाई नहीं तो होगी एफआईआर**



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर नगर पंचायत क्षेत्र में बालू लदे ट्रकों से कथित तौर पर ह्नरसीदह्व के नाम पर अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रति ट्रक 200 रुपये की मांग को लेकर ट्रक चालकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इस बीच, पूरे घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने मामले को और भी संवेदनशील बना दिया है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि केशव टाइम्स नहीं करता है, लेकिन इससे उठे सवालों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। जानकारी के अनुसार, कई ट्रक चालकों ने आरोप लगाया है कि ब्रह्मपुर क्षेत्र से गुजरते समय उनसे नगर पंचायत की रसीद दिखाकर 200 रुपये प्रति ट्रक वसूले जा रहे हैं। चालकों का कहना है कि यह वसूली न तो पारदर्शी है और न ही इसका कोई स्पष्ट नियम बताया जा रहा है। इससे न केवल उनके आर्थिक बोझ में इजाफा हो रहा है, बल्कि यह भी संदेह पैदा हो रहा है कि कहीं यह संगठित अवैध उगाही का मामला तो नहीं।

इस मुद्दे को समाजसेवी चितरंजन राय ने प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने ट्रक चालकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शिव शक्ति कुमार से सीधे जवाब मांगा। राय का कहना है कि यदि नगर पंचायत के नाम पर इस तरह की वसूली हो रही है, तो इसकी वैधता और प्रक्रिया सार्वजनिक होनी चाहिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ह्नअगर यह वसूली अवैध है, तो इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे कोई भी हों।ह्व

वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी शिव शक्ति कुमार ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो और प्राप्त शिकायतों के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी और यदि किसी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इधर, समाजसेवी चितरंजन राय ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द ही इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो वे संबंधित लोगों और अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने से पीछे नहीं हटेंगे। उनका कहना है कि यह मामला सिर्फ ट्रक चालकों के शोषण का नहीं, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही का भी है।

फिलहाल, इस पूरे मामले में स्थानीय प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं। यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो यह नगर पंचायत की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करेगा और जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है।






# कृषि महाविद्यालय को मिला ए श्रेणी का दर्जा, वैज्ञानिकों व कर्मियों में खुशी




**केटी न्यूज/डुमरांव**

वीर कुँवर सिंह कृषि महाविद्यालय को ए श्रेणी का दर्जा मिलने से वैज्ञानिकों और कर्मियों में जश्न का माहौल है। इसको लेकर कॉलेज के प्राचार्य पारस नाथ की अध्यक्षता में वैज्ञानिकों एवं कर्मियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। पिछले माह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा बिहार कृषि विष्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) एवं वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्याल के द्वारा कृषि शिक्षा, कृषि प्रसार शिक्षा, कृषि अनुसंधान एवं न्यूनतम आधारभूत संरचना की गहन जाँच गई थी। जांच के बाद कमिटी के सदस्यों ने इसे ए श्रेणी का दर्जा देकर पुरस्कृत किया है। कॉलेज को ए श्रेणी मिलने के बाद वैज्ञानिकों एवं कर्मियों में खुशी का माहौल है। इसी खुशी को एक दूसरे से शेयर करने के लिये बुधवार को कॉलेज के प्राचार्य डा. पारस नाथ की अध्यक्षता में एक बौठक आयोजित की गई।

जांच में दिल्ली से आए सदस्यों ने अनुसंधान कार्य, खेल-कूद की व्यवस्था, आवसीय परिसर एवं छात्रावासों के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना का गहन जाँच किया था। जांच में ए श्रेणी दर्जा दिये जाने पर कॉलेज के प्राचार्य के साथ शिक्षक और कर्मियों में काफी खुशी है। इस खुशी को अपने वैज्ञानिकों एवं कर्मियों के साथ साझा करने के लिये कॉलेज के सभागार में एक बैठक आयोजित किया। प्राचार्य ने सभी शैणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियो को बधाई दी एवं उनके उत्कृष्ठ कार्यो को आगे भी जारी रखने का दिशा-निर्देष दिया। उन्होंने शाहाबाद जोन के एक मात्र कृषि कॉलेज कहा की इस कामयाबी पर क्षेत्र के किसानों, छात्रों को अनुसंधान कार्य करने का बेहतर अवसर मिलेगा।







## बक्सर में लापरवाही पर सख्त प्रशासन: जलापूर्ति में गड़बड़ी पर अभियंता से जवाब-तलब



- डीएम की समन्वय बैठक में कई विभागों की कार्यशैली पर नाराजगी, साफ-सफाई, बाढ़ और योजनाओं की समीक्षा

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला समन्वय समिति की बैठक में प्रशासन ने विभिन्न विभागों की कार्यशैली पर सख्त रुख अपनाते हुए लापरवाही पर जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में केशोपुर बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना की खामियों को लेकर विशेष नाराजगी जताई गई।

जांच में सामने आया कि योजना के तहत दिए गए कनेक्शनों में तकनीकी त्रुटियां और अनियमितताएं हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं को नियमित पेयजल नहीं मिल पा रहा है। इस मुद्दे पर पहले भी लगातार शिकायतें मिलती रही हैं, लेकिन सुधार नहीं होने पर जिलाधिकारी ने लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया है।

बैठक में नगर निकाय क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठे। अधिकारियों को पहले वार्डवार निरीक्षण कर प्रतिदिन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन अब तक कोई प्रतिवेदन नहीं मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

वहीं, आगामी बाढ़ को देखते हुए गंगा कटाव रोकथाम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के अभियंता को अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर जल्द प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन के लिए नगर परिषद को वार्ड स्तर पर कैंप लगाकर लाभार्थियों को जोड़ने का निर्देश दिया गया।

ज्ञान भारतम मिशन के तहत प्राचीन वस्तुओं और पांडुलिपियों के संग्रहण के लिए भी सभी प्रखंडों में सर्वे कराने का आदेश दिया गया है।

पुराने सदर अस्पताल स्थित पीकू वार्ड की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन गंभीर दिखा। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बहाल होने तक वहां सुरक्षा गार्ड तैनात करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है।

कुल मिलाकर बैठक में स्पष्ट संकेत दिया गया कि अब किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

### बक्सर में एलपीजी की आपूर्ति पर सख्ती, कालाबाजारी पर कड़ा एक्शन

# जिलाधिकारी साहिला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी, गैस वितरण पर निगरानी तेज

- जनगणना 2027 के लिए डिजिटल स्वगणना की तैयारी
- शादी-ब्याह के लिए अलग व्यवस्था, 17 अप्रैल से शुरू होगी ऑनलाइन स्वगणना प्रक्रिया




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाने और जनगणना 2027 की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के अंतर्गत कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से लाखों उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में इंडियन ऑयल के 2,02,360, भारत पेट्रोलियम के 57,517 और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 90,668 घरेलू उपभोक्ता हैं। 13 मार्च से 14 अप्रैल तक 1,52,754 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है, जबकि 14 अप्रैल तक एजेंसियों के पास 4,342 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। प्रतिदिन औसतन 6,419 सिलेंडरों की मांग के मुकाबले 5,662 सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है, जिससे 24,108 रिफिल बुकिंग लंबित हैं और लगभग 4.2 दिनों का बैकलॉग बना हुआ है।

गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए शहरी उपभोक्ताओं को अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद और ग्रामीण उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद ही नया सिलेंडर बुक करने की अनुमति दी गई है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। अब तक इस मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं और 10 एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया है।

जनता की शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। अब तक 991 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 961 का त्वरित निपटारा कर दिया गया है। एलपीजी आपूर्ति से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए लोग 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि गैस को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं शादी-ब्याह जैसे आयोजनों के लिए वाणिज्यिक गैस की विशेष व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत रसोइया और कैटरर्स को पंजीकरण कराना होगा। संबंधित परिवार को शादी का कार्ड संलग्न कर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा, जिसमें आवश्यक सिलेंडरों की संख्या और अतिथियों का अनुमान दर्ज करना होगा। इसके आधार पर ही वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। अब तक ऐसे 113 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

जनगणना 2027 को लेकर भी इस बार डिजिटल पहल की जा रही है। पहली बार स्वगणना प्रणाली लागू की जा रही है, जिसके तहत लोग स्वयं सुरक्षित वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जनगणना विवरणी भर सकेंगे। यह सुविधा 17 अप्रैल से 1 मई तक उपलब्ध रहेगी, जबकि मकान सूचीकरण और गणना का पहला चरण 2 मई से 31 मई तक चलेगा।

स्वगणना के लिए मोबाइल नंबर और ओटीपी के जरिए सुरक्षित प्रवेश की व्यवस्था होगी। उत्तरदाता मानचित्र पर अपने घर की लोकेशन चिह्नित कर प्रश्नावली भर सकेंगे और उन्हें एक संदर्भ संख्या प्रदान की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह डिजिटल पहल न केवल डेटा संग्रह को तेज और सटीक बनाएगी, बल्कि व्यस्त और प्रवासी परिवारों के लिए भी काफी सुविधाजनक साबित होगी। जिला प्रशासन लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अधिकारियों और तेल कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने में जुटा है।

## एक नजर

### डुमरांव नगर परिषद की प्रारूप मतदाता सूची जारी, 15 से 28 अप्रैल तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित

**डुमरांव।** नगर परिषद डुमरांव के वार्ड संख्या 01 से 35 तक की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। निबंधन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह सूची आम नागरिकों की जानकारी के लिए सार्वजनिक की गई है, ताकि मतदाता इसमें अपने नाम की जांच कर आवश्यक सुधार करा सकें। जारी सूचना के अनुसार, मतदाता सूची में नया नाम दर्ज कराने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को दावा प्रपत्र-2 भरकर आवेदन करना होगा, जबकि सूची में दर्ज नामों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति प्रपत्र-3 के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होकर 28 अप्रैल तक चलेगी। निर्धारित अवधि के भीतर ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। प्रशासन द्वारा दावे एवं आपत्तियों के निष्पादन के लिए दो रिवाइजिंग अथॉरिटी नियुक्त की गई हैं। वार्ड संख्या 01 से 18 तक के लिए संदीप कुमार पाण्डेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरांव को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि वार्ड संख्या 19 से 35 तक के लिए विजय कुमार सौरभ, प्रखंड विकास पदाधिकारी केसठ को अधिकृत किया गया है।

दावे एवं आपत्तियां संबंधित रिवाइजिंग अथॉरिटी को संबोधित करते हुए प्रस्तुत की जानी होंगी। आवेदक स्वयं उपस्थित होकर प्रखंड कार्यालय डुमरांव में आवेदन जमा कर सकते हैं या फिर डाक के माध्यम से भी आवेदन भेज सकते हैं। हालांकि यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी आवेदन 28 अप्रैल तक संबंधित अधिकारी को प्राप्त हो जाएं।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों की जांच कर लें और किसी भी त्रुटि की स्थिति में तुरंत आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि अंतिम मतदाता सूची त्रुटिरहित तैयार की जा सके।

### डुमरांव ग्रिड में तकनीकी मरम्मत के चलते शुक्रवार को दो घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**डुमरांव।** शुक्रवार, 17 अप्रैल को डुमरांव क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में दो घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र डुमरांव में 33 केवी के केबल में आई तकनीकी समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस कार्य के दौरान दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक 33 केवी का आधा मेन बस बंद रखा जाएगा।

निर्धारित समयावधि में नावानगर, मुरार, एकरासी, केसठ, डुमरांव, चक्की एवं ढकाईच पीएसएस से जुड़े सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रहेगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि केबल में आई खराबी को दुरुस्त करना आवश्यक है, ताकि भविष्य में निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

बिजली आपूर्ति बाधित रहने से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे व्यवसायों एवं अन्य जरूरी सेवाओं पर भी असर पड़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले अपने आवश्यक कार्यों का निष्पादन कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

विद्युत विभाग ने इस अस्थायी असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुए आमजन से सहयोग की अपेक्षा की है। अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य समय पर पूरा कर आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से शुरू कर दी जाएगी।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह का दूसरा दिन: बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर दिया सुरक्षा का संदेश




**केटी न्यूज/डुमरांव**

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में आग से बचाव को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। प्रभात फेरी में ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, नवानगर और आवासीय सेंट्रल पब्लिक स्कूल, रघुनाथपुर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।बच्चों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर सड़कों पर रैली निकाली तथा विभिन्न स्लोगन के माध्यम से लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए। ‌‌‌‌ह्लसावधानी ही सुरक्षा हैह्व और ह्लआग से बचाव, जीवन का बचावह्व जैसे नारों से पूरे क्षेत्र में जागरूकता का संदेश गूंजता रहा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी बच्चों के प्रयास की सराहना की।

प्रभात फेरी के बाद ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल परिसर में एक बड़े स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में बच्चों और शिक्षकों को आग लगने की स्थिति में तुरंत क्या कदम उठाने चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया और आपात स्थिति में फायर सर्विस के टोल फ्री नंबर की जानकारी भी साझा की। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन जिला अग्निशमन पदाधिकारी सुभाष कुमार सिंह के निर्देश पर किया गया, जबकि नेतृत्व अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी शिखा कुमारी ने किया। कार्यक्रम में अग्निक मनीष कुमार सिंह, मणिभूषण, राज सिंह, विक्रम कुमार और आनंद कुमार सहित पेप्सी प्लांट के फायर सुरक्षा कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी शिखा कुमारी ने कहा कि ह्लअग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता ही सबसे प्रभावी बचाव है। यदि लोग सतर्क रहें और आग लगने की स्थिति में सही तरीके अपनाएं, तो बड़ी घटनाओं को टाला जा सकता है। बच्चों को शुरू से ही इन बातों की जानकारी देना बेहद जरूरी है, ताकि वे खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी जागरूक कर सकें।ह्व

उन्होंने आगे कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत लगातार इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज के हर वर्ग तक सुरक्षा का संदेश पहुंचाया जा सके।

## अंबेडकर जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह शिक्षा-संगठन- संघर्ष से सशक्त समाज का आह्वान

- बहुजन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार ने युवाओं को नशा व अंधविश्वास से दूर रहने की दी सलाह



**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर भवन बक्सर में मंगलवार की शाम बीएस-4 (बहुजन सेना) के तत्वावधान में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार शामिल हुए। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम से पूर्व अनिल कुमार ने राजपुर प्रखंड के जमौली, इटाढ़ी के कुकुढ़ा तथा बक्सर के सोघीला गांव में बाबा साहेब की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इसके साथ ही उन्होंने राजपुर प्रखंड मुख्यालय एवं बक्सर के अंबेडकर चौक पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने ह्लशिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करोह्व के मूल मंत्र को दोहराते हुए कहा कि बहुजन समाज को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना होगा और एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि आज भी समाज का एक बड़ा वर्ग शिक्षा और संसाधनों से वंचित है, जिसे मुख्यधारा से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार के साथ-साथ समाज के जागरूक लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। युवाओं से उन्होंने अपील की कि वे नशे और अंधविश्वास से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, भाईचारा और आपसी सम्मान को मजबूत समाज की नींव बताया गया। अंत में बहुजन समाज के उत्थान के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया गया तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

इस मौके पर संजय मंडल, अभिमन्यु कुशवाहा, सुभाष गौतम, जेपी यादव, कमलेश राव, रमेश राजभर, शिवबहादुर पटेल, अनिल कुशवाहा, मुकेश पासवान, पप्पू पटेल, अनिल गौतम, अयोध्या राम, नंद प्रकाश, मन्नी यादव, सरोज साधु सहित हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बक्सर में पर्यावरण संरक्षण पर जोर, वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सख्त निर्देश

- गंगा किनारे जैव विविधता पार्क, अवैध खनन व प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई तेज करने का निर्देश



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला आर्द्रभूमि समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन तथा प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

उच्च न्यायालय, पटना के निदेशों के आलोक में राज्य में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान सभी विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा समय पर कार्रवाई प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत गंगा नदी के पांच किलोमीटर क्षेत्र में जैव विविधता पार्क स्थापित करने के लिए न्यूनतम 50 एकड़ भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए गठित उपसमिति को शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

बैठक में बक्सर वन प्रमंडल के गठन के बाद वन विभाग के कार्यालय एवं आवास हेतु भूमि उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए जिला खनन पदाधिकारी को लगातार छापेमारी अभियान चलाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी को प्रदूषण फैलाने वाले एवं पुराने वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए मुख्य सड़कों एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर उड़ने वाली धूल को रोकने हेतु नियमित सफाई, जल छिड़काव और कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियम, 2000 के तहत नियमों का सख्ती से पालन कराने को कहा गया।

नगर निकायों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत निर्धारित स्थल पर ही कचरा निस्तारण करने तथा उसकी क्षमता का आकलन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। साथ ही कचरा स्थलों के आसपास वृक्षारोपण कराने पर भी बल दिया गया।

बैठक में शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने के लिए अनुपयोगी भूमि पर वृक्षारोपण कर नगर वन विकसित करने की योजना पर भी विचार किया गया। सिमरी प्रखंड की कोलिया खाप आर्द्रभूमि के संरक्षण, सीमांकन और प्रबंधन पर भी चर्चा हुई तथा संबंधित परियोजनाओं के लिए आवश्यक स्वीकृति लेने के निर्देश दिए गए।

## महादलित टोलों के लिए केसठ में विशेष शिविर आज से, योजनाओं का मिलेगा सीधा लाभ

**केटी न्यूज/केसठ**

अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के तहत संचालित डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के महादलित टोलों में विशेष शिविरों का आयोजन गुरुवार से शुरू होगा। इसको लेकर प्रखंड प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है और माइक्रोप्लान जारी कर दिया गया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सौरभ ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के वंचित पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी 22 योजनाओं के तहत शिविर लगाए गए थे, लेकिन अब भी कई लाभार्थी योजनाओं से वंचित हैं। ऐसे में इस अभियान के माध्यम से सभी पात्र लोगों को जोड़ा जाएगा।बीडीओ ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया है कि वे शिविर में उपस्थित रहकर ऑन-द-स्पॉट आवेदन की जांच और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें, ताकि लोगों को तत्काल लाभ मिल सके।प्रखंड प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 अप्रैल को पंचायत सरकार भवन केसठ,17 अप्रैल को पंचायत भवन, कतिकनार तथा 18 अप्रैल को पंचायत भवन, रामपुर में आयोजित की जाएगी शिविरों के सफल संचालन के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी को प्रभारी बनाया गया है। इनके साथ विकास मित्र, ग्रामीण आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक एवं कार्यपालक सहायकों की टीम तैनात रहेगी, जो मौके पर ही आवेदनों का निष्पादन करेगी।प्रशासन ने सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं।

# अधिगृहित भूमि के सीमांकन को लेकर किसानोंने किया विरोध प्रदर्शन



**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर पंचायत क्षेत्र में ग्रीनफील्ड 119-ए एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए अधिगृहित भूमि के सीमांकन को लेकर किसानों और भू-मालिकों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी आवासीय और व्यावसायिक भूमि को कृषि भूमि के रूप में दर्शाकर कम मुआवजा दिया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि अधिग्रहण नोटिस में उनकी भूमि को 'कृषि' के रूप में दशार्या गया है। जबकि यह क्षेत्र पूरी तरह से आवासीय और व्यावसायिक रूप में विकसित हो चुका है। किसानों ने बताया कि गोड़री ग्राम को वर्ष 2021 में नगर पंचायत में शामिल किया गया था, जिसके बाद यहां की सभी भूमि का निबंधन आवासीय और व्यावसायिक श्रेणी में हो चुका है। किसानों ने मांग की है कि अधिगृहित भूमि का मुआवजा 2013 के बाजार मूल्य (टश्फ) के बजाय नगर के वर्तमान आवासीय-व्यावसायिक दर्जे के अनुसार 2021 के बाद के बाजार मूल्य के हिसाब से तय किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि उचित मुआवजे की व्यवस्था के बिना भूमि का सीमांकन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपर भू-अर्जन जिला पदाधिकारी जयप्रकाश राय ने किसानों की मांगों को सही बताया। उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं को लिखित रूप में नोट कर जिला स्तर पर भेजा जाएगा और उचित समय में इसका निराकरण किया जाएगा। दूसरे अपर भू-अर्जन जिला पदाधिकारी चंद्रकांत सिंह ने स्पष्ट किया कि मुआवजे से जुड़े निर्णय भू-अर्जन आयुक्त के दायरे में आते हैं, लेकिन किसानों की मांगों को निश्चित रूप से आगे भेजा जाएगा। अवसर पर एनएचएआई सहायक अभियंता रवि रंजन, भू-अर्जन जिला अमीन बबन सिंह,अर्बिट्रेटर आदित्य कुमार के अलावा अनंत तिवारी, दीपक कुमार तिवारी, संजय कुमार तिवारी, मंगलेश पांडे, शेषनाथ प्रसाद, मनीष कुमार,रूपेश कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पार्टी बनी मौत का खेल, गोली लगने से 40 वर्षीय शख्स की दर्दनाक मौत, इलाके में हडकंप का माहौल



**एजेंसी। पटना**

बिहार के गया जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कथित जन्मदिन पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में 40 वर्षीय विजय चौधरी की मौत हो गई। यह वारदात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गौरा गांव की है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, विजय चौधरी को कुछ लोगों ने जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए घर से बुलाया था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि आकाश यादव अपने पांच अन्य साथियों के साथ विजय चौधरी को गौरा गांव के पास पार्टी में लेकर गया था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि पार्टी के दौरान शराब का सेवन भी किया जा रहा था और माहौल पूरी तरह नशे में डूबा हुआ था।इसी दौरान किसी बात को लेकर वहां मौजूद लोगों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि इसी दौरान विजय चौधरी को गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि घटना में शामिल कुछ लोग घायल विजय को इलाज के लिए पटना ले जाने की कोशिश करने लगे। इसके लिए एंबुलेंस भी बुलाई गई और उसे वाहन में बैठाकर पटना की ओर रवाना किया गया। लेकिन रास्ते में ही विजय चौधरी ने दम तोड़ दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि मौत के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए और शव को एंबुलेंस में ही छोड़ दिया। एंबुलेंस चालक ने जब स्थिति को समझा तो उसने तुरंत मृतक के परिजनों को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस शव लेकर दाराचक गांव पहुंची, जहां परिवार में कोहराम मच गया।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। चूंकि घटना स्थल मुफस्सिल थाना क्षेत्र में आता है, जबकि मृतक का घर चंदौती थाना क्षेत्र में है, इसलिए दोनों थानों की पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं, घटनास्थल से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि पार्टी में कुल कितने लोग शामिल थे और विवाद किन कारणों से शुरू हुआ। इस मामले में वजीरगंज के एसडीपीओ सुनील कुमार पांडे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। उनके अनुसार, गोली लगने से विजय चौधरी की मौत हुई है और पूरे मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी होंगे, उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।फिलहाल पुलिस ने कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर बिहार में बढ़ते अपराध और सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव में तनाव का माहौल है, जबकि परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

## सीएम सम्राट चौधरी के साथ डबल इंजन ने बिहार में पकड़ी विकास की सुपर रफ्तार : डॉ. मनीष

**केटी न्यूज/रोहतास**



बिहार के राजनीतिक इतिहास में 75 साल बाद बुधवार को पहली बार भारतीय जनता पार्टी राजनेता के रूप में सम्राट चौधरी बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने हैं। इस ऐतिहासिक बदलाव तहत सम्राट चौधरी ने 15 अप्रैल 2026 को बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में अपना शपथ लिया। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब दो दशकों यानी 20 साल तक मुख्यमंत्री रहने के बाद नीतीश कुमार ने 14 अप्रैल 2026 को अपने पद से इस्तीफा दिया। जो भाजपा का बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाने का लगभग 36 साल का सपना पूरा होते ही कार्यकताओं में काफी खुशी है। उनके मुख्यमंत्री बनने पर बिहार की जनता और राजनेताओं ने उन्हें जमकर हार्दिक शुभकामनाएं दी। जिसके मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्य समिति सदस्य सह काराकाट विधानसभा के युवा नेता डॉ. मनीष रंजन ने नए सीएम सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि ऐतिहासिक परिवर्तन के साथ बिहार में एक "नए युग का उदय" हुआ है। जो एनडीए की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार तेज रफ्तार के साथ बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। डॉ. मनीष ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ऊर्जा और बिहार जनसेवा के प्रति समर्पण से राज्य में चौतरफा विकास के रूप में बिहार में भी योगी मॉडल की तरह उपयोगी साबित होगा। जिनके नेतृत्व में बिहार और भी तेजी से विकसित होगा और देश के सबसे विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

## एनडीए के नए सीएम सम्राट चौधरी को लोगों ने दी शुभकामनाएं

**बिक्रमगंज।** बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरूआत करते हुए सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बिक्रमगंज क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उक्त अवसर पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। खुशी व्यक्त करते हुए बिक्रमगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह,भाजपा बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ.मनीष रंजन,मदन प्रसाद वैश्य, प्रो.बलिराम मिश्रा,अखिलेश कुमार,नवीन चंद्र साह ,विनेश कान्त तिवारी एवं सिकंदर सिंह ने कहा कि सम्राट चौधरी एक जमीनी और दूरदर्शी नेता हैं,जिनकी कार्यशैली विकासोन्मुख और जनकल्याणकारी रही है। जिन्हें सीएम रूप में राज्य की जनता को उनसे बड़ी अपेक्षाएं हैं और यह विश्वास है कि उनके नेतृत्व में बिहार शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार और विकास क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा। साथ ही सबने उम्मीद जताई कि सरकार पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए हर वर्ग के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लायेगी।

# डॉक्टरों ने पेशाब की थैली सिल डाली, महिला की मौत

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर में प्रसव के बाद महिला की पेशाब की थैली को निजी क्लीनिक के डॉक्टर ने सिल दिया। ऑपरेशन के 4 घंटे के बाद ही महिला का पेट फूलने लगा। परिजन ने डॉक्टर को इस बारे में बताया भी था, तब डॉक्टर ने कहा था कि ठीक हो जाएगा। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो परिजन ने फिर से डॉक्टर से कहा कि आपसे नहीं हो रहा है तो रेफर कर दीजिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। ऑपरेशन 3 दिन बाद मंगलवार को महिला की मौत हो गई। 12 अप्रैल को ऑपरेशन हुआ था। मृतका संदेश थाना क्षेत्र के देउआर गांव निवासी गुड्डू कुमार की पत्नी सीमा कुमारी (22) है। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दर्शन छपरा गांव निवासी मृतका के पिता निर्मल कुमार ने बताया कि बेटी को प्रसव पीड़ा हुई थी। जिसके बाद हम उसे लेकर 11 अप्रैल को बचरी गांव के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। बेटी की मौत के बाद डॉक्टर फरार हो गए हैं। अस्पताल का बोर्ड भी उखाड़कर फेंक दिया गया है। जिसके बाद हमलोगों ने मामले की सूचना स्थानीय थाने में दी है। पुलिस ने सदर अस्पताल में शव को पोस्टमॉर्टम कराया। वहीं, दूसरी तरफ मृतका के पिता निर्मल कुमार ने डॉक्टर मनोज कुमार और उसकी पत्नी पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतका अपने 5 बहन और 2 भाई में चौथे स्थान पर थी। उसकी शादी 2023 में मई महीने में हुई थी। उसे पहले जुड़वा बच्चों में एक बेटा ऋषभ और एक बेटी शिवानी है। इस घटना के बाद मृतका की मां लीलावती देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### गोली मारकर हुई थी हत्या, मां के बयान पर एफआईआर दर्ज

**आरा।** आरा के टाउन थाना क्षेत्र स्थित भलुहीपुर मोहल्ले में केस समझौता करने के दबाव को लेकर गंभीर आपराधिक घटना सामने आई है। मामले में एक महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और विरोध करने पर उसके बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना को लेकर पीड़िता के बयान पर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें पंकज यादव, बुढ़ा यादव, पारस यादव और दीपू कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपित पंकज यादव को गिरफ्तार कर लिया है, जो भलुहीपुर मोहल्ले का ही निवासी बताया जा रहा है। वहीं, अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। बताया जा रहा है कि सोमवार को ही महिला के बेटे के साथ मारपीट हुई थी, जिसके बाद मामला और गंभीर हो गया। घटना के पीछे पुरानी रंजिश को मुख्य वजह बताया जा रहा है। दरअसल, एक साल पहले पीड़िता के बेटे ऑटो चालक गोलू कुमार की भलुहीपुर मोहल्ला स्थित अखाड़े पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले को लेकर आरोपी 5 दिनों से पीड़ित परिवार पर केस मैनेज करने के लिए दबाव बना रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश और बेटे के साथ मारपीट की गई। टाउन थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष शैलेश्वर ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी पंजक यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। वो पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### भोजपुर में पिकअप ने ऑटो में मारी टक्कर 5 घायल, मुंडन समारोह में जा रहे थे सभी

**आरा ।** भोजपुर में मंगलवार को पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार 3 महिला समेत 5 लोग घायल हो गए। सभी इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां से 2 को पटना रेफर कर दिया गया। घटना आरा-अरवल मार्ग पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर सूर्य मंदिर के पास की है। घायलों में संदेश थाना क्षेत्र के दलेलगंज गांव निवासी मंतोष राम की पत्नी नेहा देवी (28), लालबाबू पासवान की पत्नी रीना देवी (32), मंतोष पासवान की पत्नी अनीता देवी (32), बेटी शिवानी कुमारी 11 और बक्सर निवासी सह ऑटो चालक 42 वर्षीय गुड्डू कुमार शामिल है। इधर, घायल रीना देवी के पति लालबाबू पासवान ने बताया कि बड़े भाई मुन्ना राम के बेटे सन्नी कुमार का मुंडन था। इसी को लेकर सभी लोग ऑटो रिजर्व कर अपने गांव से सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट जा रहे थे। बेलाउर सूर्य मंदिर के पास पीछे से आ रहे पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद नेहा देवी और ऑटो चालक गुड्डू कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जबकि रीना देवी, अनीता देवी एवं शिवानी कुमारी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।



### अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह रैली पर मॉक ड्रिल का आयोजन

**बिक्रमगंज।** अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह तहत डीएवी स्कूल में बिहार अग्निशमन विभाग के सहयोग से एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों के बीच अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव, सतर्कता तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सही कदम उठाने के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं संक्षिप्त उद्घाटन सभा के साथ हुई। विद्यालय की प्राचार्य प्रमिला सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अग्नि जहां एक उपयोगी साधन है,लापरवाही बरतने पर यह विनाश का कारण भी बन सकती है। अतः हमें इसके प्रति सदैव सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ समाज को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। वही आकर्षक पोस्टर, बैनर एवं तख्तियां लेकर अग्नि से सावधान रहें..सुरक्षा ही सबसे बड़ा बचाव है आग लगने पर तुरंत 101पर कॉल करें..सावधानी हटी, दुर्घटना घटी जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। अग्निशमन अधिकारियों ने आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले आवश्यक कदमों की विस्तृत जानकारी विद्यालय परिसर में दी। साथ ही उन्होंने गैस सिलेंडर,विद्युत उपकरणों एवं ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी बताया। साथ ही,अग्निशमन यंत्र के सही प्रयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया,जिससे विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। मौके पर शिक्षक-छात्र सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### दहेज प्रताड़ना के मामलें में प्राथमिकी दर्ज

**शाहपुर।** बहोरनपुर थाना मे दहेज प्रताड्ना का एक मामला दर्ज कराया गया है। पीड़िता प्रियंका कुमारी ने इस संबंध मे अपने ससुराल जवइनिया गाँव के अपने पति, सास, भसुर और बड़ी गोतनी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। प्रियंका कुमारी का मायके अरवल जिला के मेहंदिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ता है। प्रियंका कुमारी की शादी 8 महीने पहले शाहपुर प्रखंड के दामोदरपुर पंचायत के जवइनिया गाँव के भरत चौधरी से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष वाले उससे दहेज मे मोटरसाइकिल और सोने के चेन की मांग किया करते थे। दहेज नहीं मिलने से ससुराल पक्ष वाले उसको प्रताड़ित करते थे। प्रताड़ना से तंग आकर प्रियंका कुमारी ने अपने पति, सास, भसुर एवं बड़ी गौतमी के विरुद्ध बहोरनपुर थाना मे दहेज अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह जागरूकता पर छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी




**केटी न्यूज/पीरो**

अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर प्लस टू उच्च विद्यालय पीरो में बुधवार को एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी और मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी उमाशंकर तिवारी के कुशल नेतृत्व में उनकी पूरी टीम द्वारा संपन्न कराया गया।उल्लेखनीय है कि बिहार अग्निशमन विभाग द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक पूरे राज्य में अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान विभाग द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को आगजनी की घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में मुख्यालय पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में 15 अप्रैल को चयनित विद्यालयों में मॉक ड्रिल एवं प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर से प्रभातफेरी के साथ हुई जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रभातफेरी का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य भीम राय ने किया। विद्यार्थियों ने ह्लआग से सावधानी, जीवन की सुरक्षाह्व जैसे नारों के साथ नगर क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को जागरुक किया। इस दौरान विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था और स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की।इसके उपरांत विद्यालय परिसर में अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आग लगने की काल्पनिक स्थिति उत्पन्न कर उससे निपटने के व्यावहारिक उपायों का प्रदर्शन किया गया। अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने की बजाय संयम से काम लेना चाहिए और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना देनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां जैसे गैस सिलेंडर की नियमित जांच, बिजली के तारों की देखभाल एवं ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित रखना बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को अग्निशमन यंत्रों के प्रकार, उनके उपयोग और रख-रखाव की विस्तृत जानकारी दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने स्वयं यंत्रों का प्रयोग कर दिखाया तथा कुछ छात्र-छात्राओं को इसका भी अभ्यास कराया जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ा। इस व्यवहारिक प्रशिक्षण से छात्र-छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्साह,जागरूकता और समाज में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है।

# अनियंत्रित बाइक सवार की कार के टक्कर में मौके पर मौत, एक जख्मी

- घटना के बाद कार छोड़ चालक फरार,पुलिस जांच में जुटी



**केटी न्यूज/नवादा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 20 पर बुधवार को हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पटना रांची रोड ग्राम हरदिया सेक्टर ए के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने रॉन्ग साइड जाते हुए कार में टक्कर मार दी। बताया जाता है कि सिरदला थाना क्षेत्र के नोनी गांव निवासी उमेश राजवंशी के पुत्र कुंदन राजवंशी और राजो राजवंशी के पुत्र कारण राजवंशी अपने बहन के घर हरदिया पंचायत अंतर्गत जाजपुर गांव निवासी प्रदीप राजवंशी के घर बहन के घर मिलने के लिए आए थे वही लौटते अपने गांव नोनि जाने के क्रम में एनएच 20 हरदिया के समीप सेक्टर ए के पास सामने से आ रही एक कार से टक्कर हो गई। और कार में जोरदार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके से कार चालक गाड़ी को छोड़ फरार हो गया। दुर्सूघटना की सुचना मिलने पर स्थानीय 112 पुलिस घटनास्थल पहुंच घायलों को तुरंत रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जिस घटना में कुंदन कुमार की मौके पर मौत हो गई,जबकि दूसरा कारण कुमार का इलाज चल रहा है। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया वह अपनी बहन के घर हरदिया थाना क्षेत्र की जाजपुर सुबह आया था लेकिन जब शाम अपने घर जाने के लिए घर से निकला था। इस बीच घटना घट गई जबकि परिवार में कोहराम मच गया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रजौली इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने जानकारी दी बाइक और कार की टक्कर हुई है जिसमें एक बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया है वही दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक को पुलिस ने जप्त करते हुए मामले की जानकारी लेते मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस हादसे की जांच कर रही है और फरार कार चालक की तलाश जारी है।

# बिहार के पहले भाजपा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले विजय कुमार सिन्हा, बुके देकर दी बधाई



एजेंसी। पटना

बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद बीजेपी के नेता सम्राट चौधरी ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन के राजेंद्र मंडपम में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद सम्राट चौधरी इस पद पर आसीन होने वाले, भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं। बिहार के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब बीजेपी के किसी नेता ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर सीएम बनने की बधाई दी। विजय कुमार सिन्हा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सीएम से मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी। विजय कुमार सिन्हा ने ट्वीट करते हुए लिखा कि आज बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री श्री @samrat4bjp जी से आत्मीय भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।बिहार में भारतीय जनता पार्टी से सम्बद्ध प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में उनका दायित्व ग्रहण करना एक ऐतिहासिक क्षण है। निस्संदेह यह पार्टी और विचार परिवार के कई पीढ़ियों के कार्यकताओं के समर्पण, त्याग, तप और संघर्ष का सुखद परिणाम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के मार्गदर्शन में, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री @NitinNabin जी, माननीय गृह मंत्री श्री @AmitShahजी सहित शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन तथा एनडी गठबंधन के सहयोगियों के साथ सामंजस्य से आपके नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और समृद्धि की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। आपको सफल, जनकल्याणकारी कार्यकाल के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं।

# मुख्यमंत्री बनते ही अधिकारियों को सम्राट चौधरी का सख्त निर्देश, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, काम में लाएं दुगुनी गति

एजेंसी। पटना



बिहार का मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी ने पटना के मुख्य सचिवालय में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मौजूद अधिकारियों से दुगुनी गति से काम कर समस्याओं का तेजी से समाधान करने को कहा। वही राज्य में भ्रष्टाचार खत्म करने को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी दृढ़ता से काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यालय स्तर से लेकर नीचे तक कहीं भी कार्यों को लटकाने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिये। जनता की समस्याओं का समाधान तेजी से हो, यह हमलोगों की प्रवृत्ति होनी चाहिये। वही सीएम सम्राट ने आगे कहा कि प्रखण्ड, अंचल एवं थाना में आम जनता को सुविधा मिले और ससमय उनकी समस्या का समाधान हो। बिहार को विकसित एवं समृद्ध प्रदेश बनाने के लिये हमलोगों को एकजुट होकर अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ काम करना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मुख्य सचिवालय पहुंचे, जहाँ मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री कार्यालय में गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुख्य सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का स्वागत करते हैं। आप सभी पूरी निष्ठा और लगन से काम करते रहे हैं। आप लोगों के साथ मुझे पहले से ही काम करने का अनुभव है। राज्य सकार के मंत्री के रूप कई विभागों में काम करने के दौरान मेरा आप सभी से सम्पर्क रहा है। वित्त मंत्री के रूप में राज्य की वित्तीय व्यवस्था को भी नजदीक से समझने का मौका मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जो भी काम हो रहे हैं, उसका संचालन अच्छे ढंग से हो रहा है। आप सभी काम की गति को और तीव्र करें। दुगुनी गति से काम होने पर समस्याओं का समाधान तेजी से होगा। राज्य में भ्रष्टाचार खत्म करने को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी दृढ़ता से काम करना है। ऊपर से नीचे तक किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जो योजनायें बनायी हैं, उस पर काम किया जा रहा है लेकिन उसका ससमय निष्पादन करना महत्वपूर्ण है। कार्यों को लटकाने की प्रवृत्ति मुख्यालय स्तर से लेकर नीचे तक कहीं भी नहीं होनी चाहिये। सिर्फ फाइल बढ़ाने और पत्र लिखने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिये। जनता की समस्याओं का समाधान तेजी से हो, यह हमलोगों की प्रवृत्ति होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में जनता से जुड़ी कोई समस्या आती है तो उसपर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। भूमि विवाद से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर किसी प्रकार की जटिलता नहीं होनी चाहिये, कार्यों को सरल बनाते हुये उनका जल्द निपटारा करें। भूमि समस्या के कारण ही 60 से 70 प्रतिशत आपसी विवाद होता है। जनता परेशान न हो, खुशहाल रहे, इसको ध्यान में रखते हुये काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड, अंचल एवं थाना में आम जनता को सुविधा मिले तथा ससमय उनकी समस्या का समाधान हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में हमलोगों ने काम किया है। नीतीश कुमार जी ने जो काम किया है, उससे बिहार का बहुत विकास हुआ है और सभी लोग उससे अवगत हैं। उन्होंने सात निश्चय-1 और सात निश्चय-2 के तहत कई योजनाओं को पूर्ण कर राज्य के विकास को गति दिया है। प्रगति यात्रा के दौरान घोषित 430 योजनाओं पर भी काम तेजी से हो रहा है। 2025 में सात निश्चय-3 राज्य में लागू किया गया है, उस पर तेजी से काम करना है। प्रगति यात्रा और समृद्धि यात्रा के दौरान नीतीश कुमार जी के साथ मुझे सभी जगह जाने का अवसर मिला, उस दौरान जमीनी स्तर पर समस्याओं को नजदीक से देखा। उन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुये हम सभी को बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिये एकजुट होकर पूरी निष्ठा, अनुशासन और मेहनत के साथ काम करना होगा। सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की रूप-रेखा तैयार करें, उसकी विस्तृत समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से संवाद कर समस्याओं का वास्तविक रूप में समाधान सुनिश्चित करना है। पूर्ण रूप से जनता की समस्याओं का समाधान हमलोगों का मकसद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करना है। बिहार को विकसित एवं समृद्ध प्रदेश बनाने के लिये हमलोगों को एकजुट होकर अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ काम करना होगा। आप सभी को शुभकामनायें देता हूँ। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मेडिकल हॉल की आड़ में नशा और देह व्यापार, 8 गिरफ्तार, 59 बोतल कोडिन कफ सिरप बरामद

एजेंसी। पटना

बिहार में अवैध कारोबार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत महेशखूंट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे के धंधे और अनैतिक देह व्यापार का एक साथ भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने प्रतिबंधित कोडिन कफ सिरप की खेप बरामद की और मौके से 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी राकेश कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मंगलवार को गोगरी एसडीपीओ साक्षी कुमारी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि महेशखूंट थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि राजधाम के पूवारी टोला में एक किराये के मकान में हरिओम मेडिकल हॉल की आड़ में अवैध गतिविधियां चलाई जा रही हैं। सूचना मिलते ही गोगरी एसडीपीओ साक्षी कुमारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई और सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 59 बोतल प्रतिबंधित कोडिन कफ सिरप बरामद किया। इसके साथ ही वहां चल रहे देह व्यापार का भी पदार्फाश हुआ। पुलिस ने 5 महिलाओं और 3 पुरुषों को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभिमन्यु कुमार, निवासी राजधाम पर आरोप है कि वह बाहर से लड़कियों और महिलाओं को बहला-फुसलाकर इस धंधे में शामिल करता था और किराये के मकान में कमरा उपलब्ध कराता था। इसके अलावा दो अन्य आरोपी किशोर यादव और राजकिशोर कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की। इनमें 28 इस्तेमाल किए गए कंडोम, 22 पैकेट कंडोम, प्रेग्नेंसी टेस्ट किट, गर्भनिरोधक और गर्भपात की दवाएं शामिल हैं। इसके अलावा एक मोबाइल फोन और 32,500 रुपए नकद भी जब्त किए गए। इस मामले में महेशखूंट थाना में दो अलग-अलग कांड दर्ज किए गए हैं। नशे के मामले में एनपीडीएस एक्ट के तहत कांड संख्या 63/26 दर्ज किया गया है।

## पाकिस्तानी कनेक्शन से चल रहा था साइबर ठगी का खेल, मोतिहारी में दबिश के बाद 4 शातिर गिरफ्तार

एजेंसी। मोतिहारी



मोतिहारी में पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई ने साइबर अपराध की उस परत को उजागर कर दिया है, जो सीधे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ी हुई थी। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खटोलवा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने एक संगठित साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस गिरोह की खास बात यह थी कि इसके तार पाकिस्तान समेत विदेशों में बैठे साइबर अपराधियों से जुड़े हुए थे, जो भारत में बैठकर लोगों को निशाना बना रहे थे। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से काम करता था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए लोगों को फंसाने के लिए फर्जी विज्ञापन तैयार किए जाते थे। इसके अलावा ह्यडिजिटल अरेस्टह्व जैसी धमकियों का इस्तेमाल कर लोगों में डर पैदा किया जाता था। आम लोगों को यह यकीन दिलाया जाता था कि वे किसी कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं, और इससे बचने के लिए उन्हें तुरंत पैसे ट्रांसफर करने होंगे। घबराए हुए लोग बिना ज्यादा सोचे-समझे ठगों के जाल में फंस जाते थे। इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड अंकित कुमार बताया जा रहा है, जिसे पुलिस ने सबसे पहले हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह और उसके साथी विदेशों में बैठे साइबर ठगों के संपर्क में थे और उनके निर्देश पर ही पूरा खेल चलाते थे। ठगी से जो पैसा मिलता था, उसे खास माध्यमों के जरिए बाहर भेजा जाता था और बदले में गिरोह के सदस्यों को करीब 10 प्रतिशत कमीशन मिलता था। यानी यह सिर्फ स्थानीय स्तर का अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय ठगी नेटवर्क का हिस्सा था।अंकित की निशानदेही पर पुलिस ने तीन और आरोपियों–युवराज कुमार, मोहम्मद साहिल और चुन्नू कुमार उर्फ अतुल कुमार–को गिरफ्तार किया। ये सभी अलग-अलग भूमिकाओं में इस गिरोह के लिए काम कर रहे थे और लोगों को फंसाने से लेकर पैसे के लेन-देन तक की जिम्मेदारी संभालते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग भी हाथ लगे हैं। आरोपियों के पास से 7 बैंक पासबुक, 10 एटीएम कार्ड, एक ब्लैंक चेक, 5 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और 3 मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। इन सामानों के जरिए पुलिस अब इस गिरोह के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। आशंका है कि इस गिरोह ने अब तक बड़ी संख्या में लोगों को अपना शिकार बनाया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर इसके अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। जांच आगे बढ़ने के साथ और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## एक नजर

### तबीयत बिगड़ने के बाद पशुपति पारस अस्पताल में हुए भर्ती, खबर मिलते ही चाचा से मिलने पहुंचे चिराग पासवान



**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (फ्छखढ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सांस लेने में तकलीफ होने पर आनन-फानन में उन्हें पटना के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में एडमिट कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। चाचा के अस्पताल में भर्ती होने की खबर जैसे ही भतीजे चिराग पासवान हो मिली, वो तुरंत चाचा पशुपति पारस से मिलने पटना के कंकड़बाग स्थित साईं हॉस्पिटल में पहुंच गये। इस दौरान चिराग पासवान ने सबसे पहले चाचा का पैर छुआ फिर उन्हें गले लगा लिया। चाचा से बातचीत कर उनका हालचाल जानने की कोशिश की। उनसे पूछा की क्या तकलीफ है। जिसके बाद उन्होंने इलाज कर रहे डॉक्टरों से मिलकर चाचा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। चिराग पासवान ने चाचा के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। पशुपति पारस को देखने के लिए उनके समर्थक भी अस्पताल पहुंचे और अपने नेता के स्वास्थ्य की जानकारी ली। चाचा से मुलाकात के बाद चिराग पासवान ने बताया कि पशुपति पारस उनके लिए पिता समान हैं। राजनीतिक मतभेद अलग बात है, लेकिन वे एक राजनेता के रूप में नहीं बल्कि एक बेटे की तरह अपने चाचा का हालचाल लेने आए हैं। बता दें कि रामविलास पासवान के निधन के बाद चिराग पासवान और पशुपति पारस के बीच राजनीतिक मतभेद बढ़ गए थे, जिसके कारण लोजपा दो गुटों में बंट गई थी। हालांकि, पिछले कुछ समय से दोनों नेताओं के बीच रिश्तों में सुधार देखने को मिला है। ऐसे में उम्मीद जतायी जा रही है कि भविष्य में दोनों चाचा-भतीजा फिर से साथ मिलकर राजनीति कर सकते हैं।

### अनंत सिंह का बड़ा बयान: शराबबंदी हटाने की मांग, कहा- सम्राट चौधरी से करेंगे बात

**पटना।** मोकामा से जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक अनंत सिंह ने बिहार में शराबबंदी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी खत्म होनी चाहिए और शराब फिर से चालू होनी चाहिए। अनंत सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर वे नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बात करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के ह्लमालिकह्व अभी भी नीतीश कुमार ही रहेंगे। अनंत सिंह ने यह बयान बिहार विधानसभा परिसर के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान दिया। इससे पहले उन्होंने एनडीए विधायक दल की बैठक में हिस्सा लिया, जिसमें सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जेडीयू नेता नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार उपमुख्यमंत्री बनते हैं तो उन्हें खुशी होगी। हालांकि उन्होंने खुद के मंत्री बनने की संभावना से इनकार किया। बता दें कि बिहार में नई एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण कल होने वाला है, जिसमें सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। फिलहाल उपमुख्यमंत्री के नाम को लेकर चर्चा जारी है। बता दें कि अनंत सिंह मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जेडीयू के विधायक हैं और अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। हाल ही में जेल से रिहा होने के बाद वे फिर से सक्रिय राजनीति में लौटे हैं।

### मुजफ्फरपुर में सशक्त स्थायी समिति चुनाव की तैयारी पूरी, 17-18 अप्रैल को मतदान

**पटना।** बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 के क्रियान्वयन को लेकर मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिले के नगर निगम, नगर परिषदों और नगर पंचायतों में सशक्त स्थायी समिति के रिक्त पदों को भरने के लिए चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) -सह- जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के कड़े निर्देश दिए हैं।चुनाव का कार्यक्रम और स्थलः निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, जिले के विभिन्न निकायों में मतदान 17 और 18 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। 17 अप्रैलःनगर परिषद मोतीपुर, कांटी, साहेबगंज और नगर पंचायत मुरौल एवं कुढ़नी में मतदान होगा। 18 अप्रैलः नगर पंचायत सकरा, माधोपुर सुस्ता, बरूराज, मीनापुर, सरैया और नगर निगम मुजफ्फरपुर में चुनाव कराए जाएंगे। नगर निगम के 7 पदों के लिए मतदान जिला सभागार में होगा, जबकि अन्य निकायों के लिए संबंधित प्रखंड सभागार को मतदान केंद्र बनाया गया है। चुनाव प्रक्रिया को विवादरहित और पारदर्शी बनाने के लिए जिलाधिकारी ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नामांकन सीमाः कोई भी वार्ड पार्षद एक से अधिक पद के लिए नामांकन नहीं कर सकेगा। यदि कोई ऐसा करता है, तो केवल न्यूनतम क्रमांक वाले पद के लिए उसका नामांकन मान्य होगा। मतदान प्रक्रियाः प्रत्येक रिक्त पद के लिए अलग-अलग चुनाव और मतदान होगा। पार्षदों को हर पद के लिए वोट देने का अधिकार होगा।

**शपथ ग्रहणः** मतगणना के तुरंत बाद विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा और बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 24 के तहत गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

**महत्वपूर्ण बदलावः**नई समिति के शपथ ग्रहण करते ही पूर्व में मनोनीत सशक्त स्थायी समिति स्वतः भंग मानी जाएगी और नवनिर्वाचित समित कार्यभार संभाल लेगी।

# सीएम और डिप्टी सीएम के बीच हुआ विभागों का बंटवारा कौन-कौन सा विभाग संभालेंगे सीएम और डिप्टी सीएम



एजेंसी। पटना

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद अब मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रशासनिक पकड़ मजबूत रखने के संकेत देते हुए अपने पास कुल 29 महत्वपूर्ण विभाग रखे हैं। इनमें सामान्य प्रशासन,गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी और निर्वाचन जैसे अहम विभाग शामिल हैं। सरकार के इस फैसले को सत्ता संचालन में केंद्रीकृत नियंत्रण और तेज निर्णय प्रक्रिया की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास जो प्रमुख विभाग हैं,उनमें शामिल हैं:**

सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भू-तत्व, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, विधि, उद्योग, पथ निर्माण, कृषि, लघु जल संसाधन, श्रम संसाधन, युवा एवं कौशल विकास, पर्यटन, कला-संस्कृति, पशु संसाधन, आपदा प्रबंधन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, सूचना प्रौद्योगिकी, खेल, सहकारिता, पर्यावरण-वन एवं जलवायु परिवर्तन, गन्ना उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण और पंचायती राज। विजय कुमार चौधरी को सरकार के कई अहम और विकास से जुड़े विभाग सौंपे गए हैं। उनके जिम्मे जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जनसंपर्क, भवन निर्माण,अल्पसंख्यक कल्याण, शिक्षा,विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास,परिवहन और उच्च शिक्षा जैसे विभाग दिए गए हैं।

### उप मुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव को 8 विभाग

विजेंद्र प्रसाद यादव को वित्तीय और आर्थिक मामलों से जुड़े महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। उनके पास ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण और ग्रामीण कार्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन विभागों के जरिए राज्य की आर्थिक नीतियों और सामाजिक योजनाओं को दिशा मिलेगी।

## शपथ लेने के बाद डिप्टी सीएम विजय चौधरी बोले- नीतीश मॉडल पर चलेगी सरकार

एजेंसी। पटना



बिहार की राजनीति में नए समीकरणों के बीच उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद विजय कुमार चौधरी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राज्य की सरकार आगे भी नीतीश कुमार के स्थापित विकास मॉडल पर ही काम करती रहेगी। उन्होंने अपने बयान में न सिर्फ नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया, बल्कि उनकी कार्यशैली और नीतियों को राज्य के विकास का मजबूत आधार बताया।शपथ ग्रहण के बाद मीडिया से बातचीत में विजय कुमार चौधरी ने कहा कि, ह्लमैंने जो आज शपथ ली है, उसके लिए मैं नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट करता हूं। यह उन्हीं के विश्वास का परिणाम है कि मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है।ह्व उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम करने का जो अनुभव मिला है, वही आगे की दिशा तय करेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सरकार नीतीश कुमार के रास्ते, उनकी नीतियों, उनके कार्यक्रमों और कार्यशैली को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके अनुसार, ह्लजो रास्ता उन्होंने दिखाया है, हम उसी पर चलने का काम करेंगे। हमने उनके साथ रहकर बहुत कुछ सीखा है और उसी अनुभव के आधार पर बिहार को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। राजनीतिक बदलावों के बीच विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर भी विजय कुमार चौधरी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में किसी तरह का भ्रम या असमंजस नहीं है। ह्लअब तक जो नीतीश कुमार का मॉडल था, उसमें भाजपा भी शामिल थी। आज भी स्थिति अलग नहीं है। बिहार के विकास मॉडल में नीतीश कुमार भी हैं, भाजपा भी है और अन्य सहयोगी दल भी हैं,ह्व उन्होंने स्पष्ट किया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश कुमार की तुलना किसी अन्य नेता से नहीं की जा सकती। ह्लनीतीश कुमार कोई दूसरा नहीं हो सकता। उनकी सोच, उनका काम करने का तरीका और प्रशासनिक दृष्टिकोण अद्भुत है,ह्व उन्होंने कहा।विजय कुमार चौधरी ने यह भी बताया कि राज्य के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी स्पष्ट किया है कि सरकार नीतीश मॉडल को ही आगे बढ़ाएगी।